तापमान
अधिकतम 19.0 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 जनवरी 2024

9 पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना...

10 साल के पहले दिन लोगों का छलका भारी उत्साह जिले




## हड़ताल : नए साल के पहले दिन पेट्रोल-डीजल की किल्लत से लोगों का उत्साह हुआ फीका

# चालक संघ की हड़ताल से पेट्रोल की किल्लत पंपों में वाहनों की लंबी कतार, लोग परेशान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नए साल के जश्न में बस संचालकों की हड़ताल व पेट्रोल तथा डीजल की किल्लत ने ब्रेकर लगा दिया है। लोग नए साल मनाने मंदिरों तथा धार्मिक स्थलों के साथ पर्यटन स्थलों पर भी जाने की योजना बनाई, लेकिन गाड़ियों में पेट्रोल तथा डीजल नहीं होने के कारण घूमने से लेकर मनोरंजन, पिकनिक मनाने सहित अन्य योजनाओं पर पानी फिर गया। दरअसल जिले के लगभग तमाम पेट्रोल पंपों में पेट्रोल तथा डीजल देने से इंकार कर दिया गया और यह स्थिति सुबह से देर शाम तक देखने को मिली। हालांकि, गिने चुने पेट्रोल पंप में पेट्रोल दिया जा रहा था, लेकिन भीड़ अधिक होने और वाद विवाद की स्थिति निर्मित होने के कारण वहां भी बंद करना पड़ा।

- कई जगह पेट्रोल-डीजल होने के बाद भी विवाद से बचने बंद कर दी गई बिक्री

जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा लागू किये गए नए हिट एण्ड रन कानून के खिलाफ देश भर में ट्रांसपोर्टर और ड्राइवर संघ हड़ताल पर चले गए हैं। वे कब तक हड़ताल पर रहेंगे, इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन नए साल 2024 के पहले ही दिन पेट्रोल तथा डीजल नहीं मिलने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कोई जरूरी कामकाज के लिए तो कोई पारिवारिक कार्यों के लिए तथा कोई नए साल का जश्न मनाने के लिए घर से निकले थे, लेकिन पेट्रोल तथा डीजल नहीं मिलने से उन्हें वापस अपने घर लौटना पड़ा। जिले की सड़के वीरान नजर आई, क्योंकि ट्रक, पेट्रोल, डीजल के टैंकरों के ड्राइवर भी हड़ताल पर ही हैं। बाकी, अन्य वाहनों के ड्राइवर भी उनका समर्थन करने के साथ पेट्रोल डीजल नहीं मिलने के कारण उनके वाहनों के पहिये थम गए है। वहीं, यात्री बसों के पहिये भी थम गए, जिसके कारण बस में सफर करने वाले यात्रियों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

### केवल एम्बुलेंस और जरूरी सेवाओं के लिए डीजल उपलब्ध

जानकारी के अनुसार जिले में एम्बुलेंस व जरूरी सेवाओं में लगे वाहनों को ही डीजल दिया गया। इसके अलावा किसी अन्य वाहनों को डीजल की सुविधा उपलब्ध नहीं हुई। जानकारी के अनुसार जिन पेट्रोल पंपों में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल उपलब्ध था, वे आमजनता को पेट्रोल दे रहे थे, लेकिन ऐसे गिने-चुने पेट्रोल पंपों में सैंकड़ों की संख्या में मोटर साइकिल सवार लाइन लगाकर घंटों इंतजार करते नजर आए।

### पेट्रोल की कालाबाजारी, बॉटल में भरकर बेच रहे पेट्रोल



ड्राइवरों की हड़ताल के कारण पेट्रोल पंपों में पेट्रोल तथा डीजल नहीं पहुंचने के कारण पेट्रोल पंप भी बंद कर दिया गया, जिसके कारण शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोगों ने भारी मात्रा में पेट्रोल खरीद कर रख लिया था, जिसे प्लास्टिक की बोतल में भरकर अनाप शनाप दामों में बिक्री करते नजर आए। ग्रामीण तथा वनांचल क्षेत्रों में घूमने निकले कई लोग पेट्रोल को अधिक दाम में खरीदने को मजबूर हो गए। वहीं, कई लोग बाइक से पेट्रोल निकालकर दूसरी बाइक में डालते नजर आए।

### चालकों की हड़ताल के कारण बस सेवा बंद, परेशान होते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



देश में हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालक संघ की हड़ताल के मद्देनजर समस्त वाहनों के पहिए सोमवार को थमे रहे। सवारी वाहनों व मालवाहक के नहीं चलने से आमजनमानस को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। सुबह जब यात्रियों को पता चला कि वाहन नहीं चल रहे हैं, तो उन्हें काफी दिक्कतें हुईं। वहीं, कालेज में एग्जाम भी शुरू हो गए हैं ऐसे में परीक्षार्थियों को भी कठिनाई हुई। वाहन चालक संघ के सुखचंद व लक्ष्मण ने बताया कि एक तरफ सड़क की हालत दयनीय है दूसरी तरफ केंद्र सरकार काले कानून के माध्यम से वाहन चालकों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। क्या सरकार खराब सड़कों पर चलने वाले वाहनों की क्षतिपूर्ति करेगी। उन्होंने नए कानून को वापस लेने की मांग की। राजनांदगांव से दल्ली राजहरा व बालोद से आने जाने वाली बसें, डौडीलोहारा से मोहला मानपुर, रेंगाडबरी, मंगचुवा तथा डौडीलोहारा से अर्जुंदा व्हाया दुर्ग जाने वाली बसें नहीं चल पाई, जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इधर पेट्रोल पंपों में भी हड़ताल का असर देखने को मिला, पेट्रोल डीजल की कमी को देखते हुए लोग दोपहिया वाहनों तथा चार पहिया वाहनों में डीजल लेने डीजल व पेट्रोल लेने कतार में खड़े नजर आए, लोग हड़ताल को देखते हुए अपनी व्यवस्था में लगे रहे।

## नए कानून के विरोध में थमे वाहनों के पहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





नए वर्ष के प्रथम दिन सोमवार को दल्ली राजहरा सहित आसपास क्षेत्र और जिला प्रदेश के ड्राइवर संघ ने केंद्र शासन द्वारा लाए गए कानून को काला कानून बताते हुए रद्द करने की मांग की। इसे लेकर विभिन्न प्रकार के प्रदर्शन कर अनुविभागीय दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। दल्ली राजहरा में नए वर्ष का प्रथम दिन 2024 सोमवार को ड्राइवर के लिए धरना प्रदर्शन का दिन रहा स्थानीय दल्लीराजहरा बस स्टैंड में लगभग 200 बसे नहीं चलने की वजह से बस स्टैंड में खड़ी रहीं। हजारों यात्रियों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, वहीं निजी टैक्सियों के दर तेजी से बढ़ रहे हैं। दल्लीराजहरा में

- वाहन चालक संघ ने किया प्रदर्शन, कानून वापस लेने की मांग की

ट्रकों, डंपरों के पहिए भी थम गए हैं। यात्री बस स्टैंड आने के बाद परेशान होकर अपने घर वापस जाने के लिए विवश हो रहे हैं। वाहन चालक संघ के सदस्यों ने सुबह बस स्टैंड पर एकत्र होकर जमकर नारेबाजी की और सरकार से काला कानून वापस लेने की मांग की है।

**मांग पूरी नहीं होने तक जारी रहेगी हड़ताल-** वाहन चालकों संतोष गाड़ा, राजा, पवन, कुमार,लोमेश, लोमन, पंकज, राजकुमार ने बताया कि हमारी मांग जब तक पूरी नही की जाएगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। सरकार द्वारा कानून में किए गए संशोधन के तहत सड़क हादसे के बाद मौके से भागने वाले चालक को 10 साल की सजा और 8 लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान किया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है अंधा कानून है काला कानून है। चालकों ने कहा कि हमारी मांग है कि सरकार इस काले कानून को वापस ले। एक्सीडेंट की घटना ड्रायवर कभी भी जानबूझकर नहीं करते हैं। वाहन चालक के विरूद्ध एक्सीडेन्ट करने पर कानून में किये जा रहे संशोधन को निरस्त किया जाए। दुर्घटना के बाद चालक मौके से नहीं भागे तो जमा हुई भीड़ मारपीट करने के साथ कई बार जान तक ले लेती है। वहीं, दूसरी ओर सरकार द्वारा जो जुर्माना और सजा का प्रावधान किया है उसमे गरीब ड्राइवर कहां से राशि जमा भरेंगे और दस साल की सजा होने पर परिवार का भरण पोषण कैसे होगा। ड्राइवर यूनियन ने सामूहिक रूप से नए कानून में संशोधन करने की मांग की है।

**लंबी दूरी और लोकल बसों के पहिये थमे-** दल्ली राजहरा से दुर्ग मार्ग पर नियमित 90 बसों का संचालन होता है। इसी तरह दल्ली राजहरा से राजनांदगांव क्षेत्र में 80 से ज्यादा बसें चलती है और दल्लीराजहरा से भानुप्रतापपुर, नारायणपुर, कांकेर, जगदलपुर, बैलाडीला दंतेवाड़ा क्षेत्र में लगभग 100 वर्षों का संचालन होता है सभी बसें नहीं चलने की वजह से यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

बसों का परिचालन बंद होने से यात्री परेशान हो रहे हैं। क्रिसमस और नव वर्ष होने के कारण बसों मे यात्रियों का दबाव अधिक है। हड़ताल से लंबी दूरी से लेकर लोकल बसों के भी पहिये थम गए हैं। हड़ताल का फायदा उठा कर, यात्रियों को बैठने के लिए पहुंचे, टैक्सी और चार पहिया वाहन चालकों से, बस ड्राइवरों की झड़प भी हुई। सूचना पर पुलिस की टीम, मौके पर पहुंच कर स्थिति को सम्हाला।

**दल्लीराजहरा में सब्जी की आवक पर पड़ा असर-** दल्लीराजहरा में ट्रक हड़ताल का असर दिखा। हालांकि थोक सब्जी बाजार में थोक सब्जी बाजार में सप्ताह के पहले दिन सब्जियों की आवक थोड़ी कम रही सब्जी कारोबारी का कहना है कि रोजाना की आवक से लगभग 60 फ़ीसदी गाड़ियां पहुंची। पहले दिन ग्राहकी कमजोर रहने के कारण सब्जियों की कीमतें कीमतों पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ा। सब्जी कारोबारी का कहना है कि अगले एक-दो दिनों में ट्रक हड़ताल का असर सामने आ सकता है।

### जिले में 3000 भारी वाहनों के पहिए थमे



बालोद। ड्राइवर संघ की राष्ट्रव्यापी हड़ताल से बालोद जिले मे 3000 भारी वाहनों के चक्के थम गए। केन्द्र सरकार के नये एक्सिडेंटल कानून के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल को बालोद जिले में ड्राइवर संघ के द्वारा पूर्ण समर्थन दिया गया। जिससे सभी मालवाहकों, यात्री वाहनों के पहिये पूर्ण रूप से थम गए। हड़ताल का असर धान, चावल, खाद, सब्जी, जिले से कच्चा लोहा एवं डीजल पेट्रोल परिवहन का कार्य प्रभावित हो गया है। आपूर्ति नहीं होने से मार्केट में महंगाई भी बढ़ सकती है व गाड़ी मालिकों को आर्थिक नुकसान पड़ सकता है। जिले में डीजल पेट्रोल पूर्ण रूप से सभी पंपों में ड्राई हो गया है, जिससे किसानों को भारी तकलीफ उठाना पड़ रहा है। ड्राइवर संघ ने केंद्र सरकार से यह कानून वापस लेने की मांग की है।

## खबर संक्षेप



### जिले में कोरोना की दस्तक जांच में मिला एक मरीज

**बालोद।** जिले में 8 माह बाद कोरोना ने एक बार फिर दस्तक दे दी है। जिले के गुण्डरदेही में स्थित स्वास्थ्य केंद्र में कोविड जांच के दौरान एक 45 वर्षीय व्यक्ति संक्रमित पाया गया, जिसे होम आइसोलेशन में रखा गया है। कोरोना पॉजिटिव मरीज की स्थिति खतरे से बाहर है, जिसके कारण उसका इलाज होम आइसोलेशन यानि कि घर में ही रह कर कराया जा रहा है। आपको बता दें कि इन दिनों देश के अलग अलग राज्यों में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में प्रदेश में भी मामले सामने आए है, बालोद जिले में बीते आठ महीनों बाद कोरोना का एक नया मामला सामने आने के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोर्ड पर हैं और शासकीय अस्पतालों में लक्ष्य मुताबिक कोविड जांच कर रहे हैं।

### वार्षिक परीक्षा के आवेदन 14 तक

**गुण्डरदेही।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा संचालित वार्षिक परीक्षा 2023–24 के लिए ऑनलाइन फार्म भरने की तिथि 4 जनवरी से 14 जनवरी तक निर्धारित की गई है। कर्मा कला महाविद्यालय एवं विज्ञान महाविद्यालय गुण्डरदेही प्राचार्य एमएल देशमुख द्वारा जानकारी दी गई कि सत्र 2023-24 वार्षिक परीक्षा बीए, बीएससी, गणित, विज्ञान, बीकाम प्रथम दुसरा व तीसरा वर्ष और एमकाम दुसरा व तीसरा वर्ष परीक्षा, हिन्दी साहित्य के लिए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन 4 जनवरी से 14 जनवरी 2024 तक फार्म भरकर महाविद्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### चिचबोड़ बेलौदी में 5 से मानसगान सम्मेलन

**बालोद।** ग्राम चिचबोड़ बेलौदी में तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन 5 जनवरी से प्रारंभ है, जिसका समापन 7 जनवरी को होगा। जिसमें 8 जनवरी को ग्राम में मेला मड़ई का आयोजन किया गया है। समय लाल साहू ने बताया कि 5 जनवरी को तुलसी मानस मंडली बघमरा खैरागढ़ की प्रस्तुति होगी। 6 जनवरी को श्री नवदुर्गा मानस मंडली जामगांव, श्री राम रूचि महिला मानस परिवार कोलियारी, श्री कृष्ण मानस परिवार चैनगंज, श्री राम मानस मंडली बेलौदी, पीपर के छइहा मानस मंडली परसदा, श्री राम नाम के दीप मानस मंडली चिद्दो की प्रस्तुति होगी। 7 जनवरी को विंध्यवासनी बालिका मानस मंडली बोड़रा गुरूर, जय बजरंग मानस मंडली देवारभाट, शांतिनिकेतन दल्लीराजहरा, वसुन्धरा मानस परिवार आमाकोनी, श्रीहरि ओम धर्नी, भरत भाई मानस परिवार भटगांव सोरम, छत्तीसगढ़ खजुराहो भोरमदेव मानस परिवार कवर्धा की प्रस्तुती होगी। 8 जनवरी को मंडई रात्रिकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी की प्रस्तुति होगी।

### बोरतरा में संगीतमय मानस सम्मेलन कल से

**गुरूर।** ग्राम बोरतरा नव ज्योति मानस समिति एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा दो दिवसीय संगीतमय मानस सम्मेलन का आयोजन 3 एवं 4 जनवरी को किया गया है। 5 जनवरी को ग्राम में मड़ई मेले का आयोजन किया गया है। इस उपलक्ष्य में रात्रि में छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। इसके उद्घाटन समारोह मेंके मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त प्रोफेसर भिलाई डॉ.वेदबती मंडावी होंगे, अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत बोरतरा खेवन उइके करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद कांकेर लोकसभा मोहन मंडावी होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष भाजपा मंडल गुरुर कौशल साहू करेंगे।

## माइंस के कारण खेतों को हो रहा नुकसान

# ग्रामीणों ने मांगा काम, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

आदिवासी ब्लॉक डौंडी से लगे ग्राम पंचायत कुमुरकट्ट और कोपेडेरा के ग्रामीण बीएसपी माइंस के महामाया, दुलकि और कटरेल में काम की मांग को लेकर ग्रामीण चक्काजाम कर रहे हैं। सड़क पर बैठ गए चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उन्हें नौकरी नहीं मिलेगी, हम हटने वाले नहीं है।

- ग्राम पंचायत कुमुरकट्ट और कोपेडेरा के ग्रामीणों ने कहा- नौकरी नहीं मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन

बीएसपी दल्ली माइंस अंतर्गत महामाया,दुलकी,कटरेल के माइंस में स्थानीय पंचायत कुमुरक्कटा और कोपेडेरा के ग्रामीणों को काम में रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने चक्काजाम किया। ग्राम पंचायत के सामने माइंस जाने वाले मार्ग के सामने विरोध प्रदर्शन करते हुए 30 दिसंबर से चक्काजाम कर रहे हैं। 30 दिसंबर को सुबह से गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष मुख्य सड़क पर बैठ कर अपनी मांगों को लेकर एकत्रित हुए। उधर, चक्काजाम किए जाने की खबर सुनकर बीएसपी अधिकारी, तथा तहसीलदार भी स्थित का जायजा लेने मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मांग है कि माइंस के हो जाने के कारण लाल फाइंस से उनके खेतों को नुकसान होता है। इस कारण उन्हें कार्य पर लिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि बाहर के लोगों को कार्य पर लिया गया है, उनकी जगह उनके गांव के लोगों को काम दिया जाए। इस दौरान जनपद सदस्य उमेंद्र गावड़े,मुकेश तेता उपसरपंच,डोमन सिंह मंडावी,विजय चक्रधारी,हेमनत हिडामे,अमरीका कुम्हार सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।



### हर बार मिला केवल आश्वासन

जनपद सदस्य उमेंद्र गावड़े ने कहा कि इस संबंध में उनके द्वारा बीएसपी पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। जिसमें उन्होंने अधिकारी को अवगत कराया है कि विगत वर्षो से माइंस से अयस्क का स्लाइम हमारे पंचायत प्रभावित ग्राम में कृषि भूमि एवं निस्तारी तालाब में आने के कारण कृषि एवं निस्तारी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में बीएसपी प्रबंधन एवं प्रशासन को कई बार सूचित किया गया है। चर्चा के दौरान ग्रामीणों की स्थिति एवं प्रभावित क्षेत्रों को देखते हुए प्रबंधन द्वारा कई बार आश्वासन दिया गया साथ ही माइंस के कार्यो में हमारे पंचायत के प्रभावित गांव के बेरोजगारों को कार्य प्रदान करने की भी बात हुई थी। लेकिन दिसंबर 2015 को ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत एवं पंचायत के आश्रित प्रभावित गांव के बेरोजगारों को कार्य में न लेकर बहुत से बाहरी लोगों को कार्य में रख लिया गया है। इसके कारण प्रभावित किसानों में काफी आक्रोश है। इसलिए यह चक्काजाम किया गया।

### नए साल में मंदिरों में लगी रही भीड़



**गुरूर।** नए साल की शुरुआत अधिकतर लोगों ने ईष्ट देव की पूजा–अर्चना के साथ की। ऐसे में सुबह होते ही नए साल के साथ आनंद लेने व साल शुभ हो इसके लिए लोग धर्म स्थलों और पर्यटक स्थलों में नजर आए। ब्लॉक मुख्यालय के देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही, जहां नव वर्ष के पहले दिन माता के दर्शन करने श्रद्धालु पहुंचे। ग्राम कनेरी की मां कंकालीन मंदिर में पुजारी हरिश्चंद्र साहू, मंदिर सेवक बलाराम पटेल ने बताया कि मंदिर में सुबह से ही भक्त दूर दराज से दर्शन करने पहुंचे थे, जहां श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, फूल की माला अर्पण कर आशीर्वाद मांगा।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# वाहन चालकों की हड़ताल का असर, पेट्रोल डीजल के लिए पंपों में लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा के चार पेट्रोल पंपों में वाहन चालकों को पेट्रोल, डीजल भरवाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ा। अधिकांश पेट्रोल पंप में पेट्रोल नहीं है का बोर्ड लगा दिया गया। एक दो पेट्रोल पंप में पेट्रोल का वितरण कम मात्रा में किया।

■ पेट्रोल-डीजल के लिए परेशान रहे लोग

बालोद जिला प्रशासन के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए पेट्रोल पंप के संचालक हावी दिखे वहीं पूरे दिन दल्लीराजहरा के पेट्रोल पंपों में लोगों की आवाजाही रही पेट्रोल पंपों के संचालकों ने पेट्रोल नहीं है, डीजल नहीं है, का बोर्ड लगा दिया। वहीं, दूसरी ओर किल्लत को देखते हुए पेट्रोल और डीजल की कालाबाजारी भी चालू हो गई। 96 से 100 रूपए प्रति लीटर का पेट्रोल डीजल डेढ़ सौ रुपए लीटर तक बिका और जमकर कालाबाजारी हुई।

दल्लीराजहरा सहित देशभर में ट्रक ड्राइवर्स हड़ताल पर बैठे हैं। इस वजह से पेट्रोल पंप में भारी भीड़ लग रही है। लोगों को ये डर है की हड़ताल के कारण पेट्रोल सप्लाई बाधित होगी। ट्रक और टैंकर चालकों की हड़ताल के चलते दल्लीराजहरा शहर में पंपों पर लगी पेट्रोल भरवाने वालों की लंबी कतारें लग गई है। दल्लीराजहरा के कई पेट्रोल पंप पर शाम तक का ही पेट्रोल डीजल का स्टॉक बचा है। पेट्रोल डीजल खत्म होने से लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा।

## अधिकांश पंपों में पेट्रोल-डीजल नहीं है का लगा बोर्ड



### जिला प्रशासन के आदेश को ठेंगा

जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने पेट्रोल पंप संचालक और गैस एजेंसियों को पत्र जारी कर कहा था
पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों में फ्यूल एवं एलपीजी प्रदाय करने वाले टैंकर संचालकों द्वारा शासन के हिट एंड रन एक्सीडेंन्ट मामले के तहत जारी नियम को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने का निर्णय लिया गया है। ऐसे स्थिति में जिले में आवश्यक वस्तुओं की सत्त आपूर्ति एवं पंपों व गैस एजेंसियों में स्टॉक की उपलब्धता बनाये रखना नितत: आवश्यक है। ऐसे पेट्रोल पंप एवं गैस एजेसियों जिसके पास स्टॉक की उपलब्धता कम है, वे आज-कल में तत्काल लोड मंगाकर रखे एवं आवश्यक वस्तुओं की निरंतर उपलब्धता बनाये रखेंगे। लेकिन, जिला अधिकारी के आदेश का पालन पेट्रोल पंपों में नहीं दिखा।

---

**बदलाव :** दुर्ग के दारगांव में कश्मीरी एप्पल बेर की पैदावारी

# बंजर जमीन को किसान ने बदला कश्मीरी एप्पल बेर के जंगल में

देवीलाल साहू ⏭ भिलाई

दुर्ग के धमधा ब्लॉक में एक छोटा सा गांव दारगांव। यहां एक किसान ने बंजर जमीन को काश्मीरी एप्पल बेर के जंगल में बदल दिया। 15 एकड़ क्षेत्रफल में यहां कश्मीरी बेर लहलहा रहे हैं।

कश्मीरी एप्पल बेर की पैदावारी कर कृषक विजयकांत तिवारी सालाना 10 लाख रुपए की आय अर्जित कर रहे हैं। लाजवाब स्वाद की खासियत वाले इस कश्मीरी एप्पल बेर की डिमांड न केवल छत्तीसगढ़ में बल्कि दिल्ली, बेंगलोर, भुनेश्वर और नागपुर तक है।



दारगांव में काश्मीरी एप्पल बेर की ऐसे हो रही है खेती। इनसेंट में कृषक विजयकांत तिवारी।

### बंजर जमीन पर सोलर सिस्टम से पैदावारी

दारगांव के जिस जमीन पर इन दिनों काश्मीरी एप्पल बेर के जंगल दिखाई दे रहे हैं यह तीन साल पहले पूरी तरह बंजर था। इस बंजर जमीन को किसान ने अपनी आय का जरिया बना लिया। उन्होने यहां सोलर सिस्टम से बिजली की कमी पूरी की। कई बोर करवाने के बाद भी केवल एक बोर में ही पानी निकला। बड़े क्षेत्रफल में लगे हजारों पौधों को पानी देकर बड़ा करने की चुनौती किसान विजयकांत के सामने थी। पौधों को ड्रिप एरीकेशन सिस्टम से पानी देकर बड़ा किया।

### एक पेड़ में 40 से 50 किलो की होती है पैदावारी

काश्मीरी एप्पल बेर के पौधे कृषक विजयकांत ने कोलकात्ता से लेकर आए। वे बतातें हैं कि एक पौधा 10 महीने में पेड़ बन जाता है और फलने लगते हैं। एक पेड़ में 40 से 50 किलो की पैदावारी होती है। एक बार पेड़ लगने के बाद यह पांच साल तक फल देता है। इसलिए यह आय का अच्छा जरिया है। जून जुलाई महीने में फूल व फल आते हैं। दिसंबर महीने में फल तैयार हो जाते हैं और उसकी तुड़ाई होने लगती है।

### यह है काश्मीरी एप्पल बेर की खासियत

सेब जैसा आकार और टेस्ट भी जुदा काश्मीरी एप्पल बेर मार्केट में बिकने वाले आम बेर से बिल्कुल अलग है। एक बारगी इसे देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं कहीं यह कश्मीरी सेब तो नहीं है। कश्मीरी सेब जैसा दिखने वाला यहबेर छोटे से गांव दारगांव में उत्पादित हो रहा है। सूबे में इस किस्म के बेर की खेती पहली बार हो रही है। एपल बेर दिखने में कश्मीरी सेब की तरह ही नजर आता है। जो लाल दिखता है। स्वाद इतना लाजवाब है कि एक बार खाने के बाद दूसरा बेर पंसद न आए। बॉक्सतत्कालीन सीएम बघेल ने की थी सराहना दारगांव में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे तो उन्होने कृषक विजयकांत का काश्मीरी एप्पल सेब का बगीचा भी देखा। यहां उन्होने किसान की उन्नत तकनीक और लीक से हटकर खेती कर काश्मीरी एप्पल बेर को आमदनी का जरिया बनाने पर सराहना की। बघेल ने बेर का स्वाद भी लिया।

### उन्नत खेती को प्रोत्साहन



उद्यानिकी विभाग द्वारा उन्नत खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दारगांव का काश्मीरी एप्पल बेर पूरे प्रदेश में फेमस है। लोकल व छत्तीसगढ़ की बड़ी मंडियों में ही इसकी खपत हो जाती है। यहां से महानगरों में इस बेर की ज्यादा डिमांड है।

**-पूजा साहू,** उपसंचालक उद्यानिकी

---

# मांगों को लेकर विस अध्यक्ष और शिक्षा मंत्री से मिले शिक्षक एलबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद



शिक्षक एलबी संवर्ग की मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकत कर ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि पूर्व सेवा (शिक्षा कर्मी के पद पर प्रथम नियुक्ति) के आधार पर पुरानी पेंशन हेतु कुल सेवा अवधि की गणना की जाए। (एनपीएस कटौती अप्रैल 2012 से प्रारंभ किया गया था)। पेंशन निर्धारण हेतु अर्हकारी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष किया जावे। सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर किया जावे। पूर्व सेवा अवधि (प्रथम नियुक्ति तिथि) के आधार पर क्रमोन्नति वेतन मान प्रदान किया जावे। प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, शिक्षक, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला, व्याख्याता, प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति किया जावे। केंद्र सरकार द्वारा देय तिथि जुलाई 2023 से लंबित 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्रदान किया जावे।

पदोन्नति संशोधन पश्चात सहायक शिक्षकों द्वारा शिक्षक व प्रधान पाठक के पद पर कार्यभार करते हुए सेवाएं दी गई थी, उक्त अवधि में उन्हें संशोधित शाला से कई माह का वेतन भुगतान भी किया गया है, तत्पश्चात उन्हें संशोधित शाला से पृथक किया गया है, वर्तमान में ऐसे पीड़ित शिक्षकों को विगत 4 माह से वेतन भुगतान नही हुआ है, जिससे वे समस्या ग्रस्त है। पदोन्नति संशोधित शाला में स्थायी पदस्थापना का लिखित आदेश जारी करते हुए विगत 4 माह के वेतन भुगतान किया जावे, शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पदोन्नति संशोधन पीड़ित शिक्षकों को सोमवार को शाला में ज्वाइनिंग कराया जाएगा। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दिलीप साहू ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रांतीय सचिव मनोज सनाढ्य, प्रदेश महामंत्री हेमेंद्र साहसी, गुरुदेव राठौर, प्रदेश पदाधिकारी सपना दुबे, आयुष पिल्ले, योगेश सिंह ठाकुर, गंगेश्वर सिंह उइके, बिनेश भगत, कांकेर जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला, बिलासपुर जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा, रायपुर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला, महासमुंद जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, गरियाबंद जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर, मानपुर मोहला चौकी जिलाध्यक्ष श्री हरि, राजनांदगांव जिला से ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगढमनीष पशीने, चंद्रिका यादव, राकेश तिवारी, किशन देशमुख, जीवन वर्मा मनोज वर्मा, संदिप साहू, राजेश साहू, हंस मैश्राम, रायगढ़ जिला से पंचराम यादव जिला उपाध्यक्ष, शिव डनसेना जिला मीडिया प्रभारी, महासमुंद जिला से नन्द कुमार साहू, खिलावन वर्मा, प्रदीप वर्मा शामिल थे।

---

# हरियाली के चित्रकार ने रचा हरीतिमा का संसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



ग्रीन सिटी के नाम से जाने जाने वाली इस्पातनगरी की खूबसूरती की एक बड़ी वजह इसका हराभरा होना है। शहर को हराभरा बनाने में भिलाई इस्पात संयंत्र की तो बड़ी भूमिका है ही, साथ ही हरीतिमा के कुछ ऐसा चित्रकार भी हैं,जो हरियाली के रास्ते पर वर्षों से चल रहे हैं। पर्यावरण मित्र के नाम से चर्चित भिलाई के बालूराम वर्मा एक ऐसे ही प्रकृतिप्रेमी हैं, जिनके लिए पर्यावरण संरक्षण कार्य एक मिशन और जुनून बन चुका है।

शहर को हराभरा बनाने में तीन दशक से अधिक समय से योगदान देने वाले भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त 62 वर्षीय बालूराम वर्मा अपने आप में हरियाली की एक संस्था हैं। अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर व प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए वे न सिर्फ खुद लाखों पौधे लगाने के साथ लोगों को निशुल्क बांट चुके हैं बल्कि हजारों लोगों को जागरुक भी कर रहे हैं। बीएसपी, स्कूलों, उद्यानों व सड़कों के किनारे आदि में पौधे लगाने के पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान व वेस्ट से बेस्ट बनाने के अनूठे कार्य के लिए बीएसपी सहित कई संगठनों द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। खुद के पैसे लगाकर निस्वार्थ रुप से 1990 से समर्पित श्री वर्मा अब तक शहर में विभिन्न प्रजाति के करीब 3 लाख पौधे लगा चुके हैं या फिर निशुल्क वितरित कर चुके हैं। उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने की प्रेरणा आयुर्वेद में डिप्लोमा करने व 1983 में भिलाई इस्पात संयंत्र में नौकरी लगने के दौरान डस्ट के प्रदूषण की चिंता से मिली। स्वच्छता के लिए उन्होंने धीरे धीरे पौधे लगाने के साथ बीएसपी से रिक्शा लेकर टाउनशिप में 2006 से 8 तक डोर डू डोर कचरा उठाने का काम भी किया। कचरे के खाद से अपने सेक्टर 6 एवेन्यू डी निवास पर छोटी नर्सरी भी तैयार की। 36 साल एसएमएस 2 फिर ढाई साल मैत्रीबाग में नौकरी करते हुए बचे समय में यह सब एक श्रमसाध्य कार्य था। अपने सेवाकाल में वेतन का 25 प्रतिशत पैसा अपने हरितिमा मिशन पर लगाया। पर्यावरण के क्षेत्र में उनके निस्वार्थ कार्य को देख बीएसपी के प्रकृतिप्रेमी आधिकारियों ने उन्हें प्रोत्साहित किया। 2017 में तत्कालीन सीईओ एम रवि ने उन्हें बड़ी नर्सरी विकसित करने रशियन काम्पलेक्स सेक्टर 6 में एक बड़ी जगह व पानी व बिजली की मदद दिलाई।

### नर्सरी में हजारों फलदार पौधे

दोस्तों और घर परिवार से वक्त निकालकर अपने इस सामाजिक सरोकार के कार्य में झोंकने वाले बालूराम वर्मा की अनूठी नर्सरी उनके हरियाली मिशन की प्रतीक है। यहां पचासों प्रजाती के करीब 25 हजार पौधे लगे हैं। सैकड़ों पेड़ बड़े हो चुके हैं। यहां लगे फलदार, फूलदार व औषधीय पौधो में आम, जाम, आंवला, नीबू, अनार, पपीता, हर्रा, बहेरा, बादाम, गुड़हल, फैशन फ्रूट, सिंगापुर बेरी, चीकू, शहतूत, चंपा, टिकोमा, सिंदूर, गुलाब आदि अनेक जातियों के पौधे हैं। यहां कई पक्षी व तितलियां भी आती हैं। नर्सरी में पौधे तैयार करने व वितरण का तरीका भी प्रेरक है। श्री वर्मा बताते हैं पौधों को वितरित करने व रखने के लिए वे वेस्ट से बेस्ट बनाते हुए कचरे का उपयोग करते हैं। जैविक खाद यहीं बनता है और डिस्पोजल, ग्लास, दूध, आटा व तेल आदि के फेके गए कचरे को बीन कर इनका उपयोग पौधों को रखने के लिए करते हैं। जंवारा विसर्जन के मटकों को भी जमा कर रखा है, जिन्हें आकर्षक कलर कर पौधे तैयार कर लोगों व संस्थाओं को निशुल्क उपहार देते हैं। नर्सरी में निशुल्क लोगों को पौधे लगाने व ग्राफ्टिंग आदि का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के उत्कृष्ट योगदान के लिए बालूराम वर्मा को बीएसपी का वृक्षमित्र सम्मान सहित रोटरी व इंजीनियर इस्टीट्यूट तथा कुर्मी समाज आदि संस्थाओं द्वारा भुइयां और गौरव सम्मान, भिलाई रत्न आदि पुरस्कार मिल चुके हैं।

### सर्वसुविधायुक्त आश्रम में 110 को मिला सहारा



सर्वसुविधायुक्त इस परमार्थाश्रम संचालक मात्र 31 वर्षीय अमितराज अपने साथियों के साथ पारिवारिक वातावरण में दुखियारों की तीमारदारी किसी परिजन की तरह स्नेह से करते हैं। परवरिश व उपचार के लिए बीएसपी द्वारा दिए गए आश्रम के भवन में हाल, 4 बड़े कमरे,डायनिंगरुम, डिस्पेंसरी, किचन, बाथरुम, प्रार्थना स्थल व टायलेट आदि सभी सुविधाएं हैं। दोनों जून भोजन, नाश्ते के साथ यहां क्रिकेट, कैरम,फुटबाल आदि खेल, भजन आदि मनोरंजन की भी सुविधा है। एक एंबुलेंस है,जिसमें दुर्घटना में घायल व जरुरतमंद पीड़ितों को यहां लाया जाता है। इनका अस्पतालों में निशुल्क इलाज भी कराया जाता है। डां. एसके शर्मा, डां. भारतेंदु त्रिवेदी, डां. मानसी गुलाटी, डां. राजशेखर. डां. पंकज गुप्ता निशुल्क सेवाएं देते हैं। सेवादारों में बलविंदर कौर, गीता साहू, अजय चौधरी, करण लक्की व नर्स भारती, संदीप गुप्ता, एम लक्ष्मी, पारूल तिवारी, अजय मंडल, अमन नैय्यर, गणेश सिंह, दे वेणु, मयंक शिदे और पिंकू आदि शामिल हैं। अमितराज बताते हैं कि अब तक हमारे द्वारा भिलाई दुर्ग व आसपास के फुटपाथ में 110 भटकने वाले व मानसिक बीमारों रेस्क्यू किया जा चुका है। बीस लोगों स्वस्थ होकर घर भी जा चुके हैं। चौदह लोगों का देहांत हो चुका है।

### हमें देवदूतों ने दिया नवजीवन



परमार्थम आश्रम में आश्रय पाने वालीं निशक्त 60 वर्षीय बुधियारिन बताती हैं कि 5 साल से सुपेला में घूमकर 2 टाइम की रोटी जुटा रही थीं। देवदूतों में मुझे यहां परिवार की तरह सहारा दिया। दुर्ग के अनाथ सीताराम बताते हैं कि यहां पहुंच लगा कि मैं अनाथ नहीं हूं। दुर्ग स्टेशन में गुजारा करने वाले बेसहारा 70 वर्षीय सीमांचल को आवारा कुत्तों ने जख्मी कर दिया। तड़पता देख उन्हें यहां रखा गया व हाथ का आपरेशन भी किया गया। मानसिक रुप से बीमार परिवार से बिछुड़े मुंगेली के सीताराम को वाहनचालक ने कुचल दिया तो उपचार के बाद घर के साथ नया जीवन भी मिला। वे बताते हैं कि जिनसे कोई रिश्ता नहीं था, परिजनों से बढ़कर मदद की।

### मानव सेवा भी माधव सेवा है



मानव सेवा ही माधव सेवा है। इसी जज्बे से बेसहारों और मानसिक बीमारों की मदद और उपचार के लिए हमने फील परमार्थम के माध्यम से पीड़ितों की सेवा का मिशन शुरु किया है। दुर्घटनाओं में घायलों को भी रेस्क्यू कर उपचार करवाते हैं। प्रदेश में हजारों मानसिक रोगी हैं, जिन्हें सरकारी व समाज की मदद की जरुरत है। हमारी छोटी सेवा से अन्य लोग भी आगे आएं, तो मिशन सफल होगा।

**-अमित राज,**
मुख्य ट्रस्टी फील परमार्थम

---

घुमंतू गायों व डॉग्स के लिए 240 दिनों से दे रहे भोजन

# गौ सेवा ही गोविंद सेवा के भाव से युवा बेजुबां पशुओं को करा रहे हैं भोजन

संगीता मिश्रा ⏭ भिलाई

नए साल में उम्मीद की नई किरण व ऊर्जा के साथ हर कोई अपने जीवन में बदलाव कर जीवन जीने का चाह रखता है। लेकिन विरले लोग ही दूसरों के बारे में खासकर बेजूबां जानवरों के जीवन को सहेजने की सोच रखकर उनकी सेवा करते है। गौ सेवा ही गोविंद सेवा के भाव को लेकर दुर्ग के सेवाभावी युवा अभिजीत पारख व उनकी टीम लगभग 240 दिनों से लगातार गौ सेवा का कार्य कर उन्हें भोजन मुहैया कराते हुए समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन रहे है।

### गोविंद सेवा करने जुटे युवा

आजकल के युवा महंगे मोबाईल, आउटिंग, फर्राटेदार बाईक व जब तब दोस्तों के साथ पार्टी कर नशे में डूबकर पैसो की बर्बादी करते है तो वहीं दुर्ग-भिलाई के युवाओं की टीम गाय, स्ट्रीट डॉग्स, जन सेवा व धार्मिक कार्य करने निरंतर जूझते रहते है। ऐसे ही युवाओं की टीम का नाम है डोनेट थोड़ा सा। 29 वर्षीय अभिजीत पारख पिछले 10 सालों से समय-समय पर जरुरतमंदों के चेहरों पर खुशियां बिखेरने का कार्य करते आ रहे है इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए डोनेट थोड़ा सा संस्था द्वारा उनके प्रोजेक्ट गौ सेवा ही गोविंद सेवा केउद्देश्य को लेकर मार्च-अप्रैल 2023 से गौ माता और स्ट्रीट डॉग्स का पेट भरने भोजन कराने का कार्य कर रहे है।

### सेवा कार्य से मिला रोजगार

अभिजीत ने बताया कि शुरुवात में गौ सेवा के साथ जरुरतमंद को रोजगार मिल सके इस विचार के साथ गौ ग्रास के लिए 100 से डेढ़ सौ रोटियों व गुड़ का टारगेट था जिसके लिए एक महिला को रोटियां बनाने का जिम्मा दिया गया जिसके चलते उसे रोजगार मिला। इस कार्य के 100वें दिन पूरा होने पर गौशाला व घूमंतू गायों के लिए 56 भोग लगाए गए। जिसमें विभिन्न प्रकार की सब्जियां, कच्चे अनाज, फल, रोटी सहित उनकों भोजन कराया गया था। उसके बाद से प्रतिदिन एक गाय के लिए 4 रोटी, गुड़ के हिसाब से दो सौ रोटी बनाकर अलग अलग एरिया में खिलाने का कार्य युवाओं द्वारा किया जा रहा है।

---

# सनौद स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर



हायर सेकेन्डरी स्कूल सनौद में वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि शिक्षक विनय साहू थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ खेल कूद का बड़ा महत्व है। खेल से शारीरिक, मानसिक तनाव दूर होता है। अध्यक्षता करते हए हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य एनएल यादव ने कहा कि पढाई के साथ ही बौद्धिक, व्यायाम के साथ ही खेल के बारे मे भी समय समय पर शिक्षा दी जाती है। एमजी स्कूल में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओ के द्वारा ज्ञान की बाते बताई जाती है। विद्यालय के संचालक मनोज गुरुवाणी ने कहा कि इस शिक्षा के मंदिर में हिन्दी एवं अंग्रेजी शिक्षा दिया जाता है। बच्चों को हमेशा अच्छी शिक्षा मिले ऐसा हमारा उदेश्य है।

सह.संचालक चुम्मन साहू, शिक्षक सौरभ सोनी, शिक्षक नरेश साहू, फलेश साहू, अतिथि के रुप मे उपस्थित थे। 23 से 27 दिसम्बर तक अंतर संकुल कबड्डी, क्रिकेट, मांडल एग्जीबिशन का खेल हुआ। जिसमे प्लांस्टिक बांल क्रिकेट प्रतियोगिता मे शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खुंदनी प्रथम, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बासीन दितीय, कबड्डी प्रतियोगिता मे शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंवर प्रथम, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिलौटी द्वितीय रहे।

मांडल प्रदर्शनी मंगलयान(चन्द्रयान) में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धनेली प्रथम रहे। प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए मेढक दौड, आलू दौड, बाल पासिग दौड, बाल सटीक दौड, बतख दौड, चौन दौड, चौन ओपन क्लोज दौड, मैसेज फारवर्डिंग, लोड बेरिग, ओवर लोड बेरिग, बाटल फिलिग, फाइफ फूट दौड, केकडा दौड, रिलेरेस इत्यादि शामिल थे। वार्षिकोत्सव में क्षेत्र के पालक गण, शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएं शामिल थे।

**खबर संक्षेप**



## नव वर्ष की सुबह, घने कोहरे ने बढ़ाई परेशानी

**डौंडीलोहारा।** नव वर्ष के प्रारंभ में ही अल सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। खासकर सुबह वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक जाने में मुसीबत का सामना करना पड़ा। सुबह बदली होने के कारण कोहरा देर बाद छंट पाया।

## ग्राम बरही में विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत मंगलवार 02 जनवरी 2024 को बालोद विकासखण्ड के ग्राम बरही में सुबह 10 बजे एवं ग्राम मटिया बी में दोपहर 02.30 बजे तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम केवट नवागांव और ग्राम भरदा लो में सुबह 10 बजे एवं बीजाभांठा और बैहाकुंआ में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खलारी में 10 बजे एवं ग्राम खुंटेरी में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत गुरूर के कंवर में 10 बजे एवं देवकोट में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम नर्रालगुड़ा में 10 बजे एवं कुवागोंदी में दोपहर 02 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। शिविर में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

## कांग्रेस महामंत्री चंद्रशेखर को नोटिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस पार्टी के खिलाफ बयानबाजी पर पीसीसी ने प्रदेश कांग्रेस महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब मांगा है।

### शिविर : गुरूर नगर पंचायत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में शामिल हुए नपा के पूर्व अध्यक्ष राकेश

# पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधि की भी जिम्मेदारी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिले इसकी चिंता एवं प्रयास करने की जिम्मेदारी शासन प्रशासन के साथ एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि की भी है। समाज का एक भी व्यक्ति शासन की योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। एक प्रतिनिधि के क्षेत्र में यदि कोई गरीब प्रशासन की योजना के लाभ से वंचित रहता है तो वह असफल है।

उक्त बातें गुरुर नगर पंचायत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में नगर पालिका बालोद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव ने कहीं। प्रदेश भाजपा के पूर्व मंत्री राकेश यादव ने कहा कि हर गरीब का पक्का घर हो इसके लिए हम संकल्पित हैं। नगर पंचायत के वर्तमान पार्षद, अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व पार्षद सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर गरीबों के उत्थान के लिए शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कार्य करना चाहिए।

राकेश यादव ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की चर्चा करते हुए कहा कि 18 प्रकार के कारीगरों का जीवन स्तर ऊंचा करने के लिए, उन्हे प्रशिक्षण देने के साथ, उन्हे शासन कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराएगी। विश्वकर्मा योजना के तहत प्रत्येक पात्र हितग्राही को लाभ हो इस दिशा में कार्य हो। राकेश यादव ने कहा गरीबों के कल्याण के लिए संचालित कार्यक्रमों में यदि कोई अड़चन आ रही है तो बताएं, उसका समाधान निकाला जाएगा, लेकिन कोई भी पात्र गरीब योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए।

**बर्दाश्त नहीं की जाएगी कोताही–** राकेश यादव ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा का कम समय अवधि के बाद भी प्रशासन ने बहुत सफल व्यवस्था की है, वे साधुवाद के पात्र है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी सरकार के अंग हैं, जिसकी सरकार होती है उसकी योजना का क्रियान्वयन कराना उनकी जिम्मेदारी है। सरकार बदल गई है, वे अपनी मानसिकता बदल ले एवं भाजपा शासन की गरीब कल्याणकारी योजनाओं को गरीबों तक पहुंचा कर लाभान्वित करने में जुट जाएं। कोताही बर्दास्त नही की जाएगी। कार्यक्रम के बाद राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, विश्वकर्मा योजना के जिला प्रभारी सुरेंद्र देशमुख, अनुसुईया धुरव, कुंती सिन्हा, ऋषि सिन्हा, पन्ना साहू, शोभित ओझा, जीतेश्वरी निषाद व अन्य प्रतिनिधियों ने शिविर में लगे पंडालों का अवलोकन किया।

**कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे–** प्रधानमंत्री आवास, जिला उद्योग, उज्ज्वला व अन्य विभागों के शिविर में राकेश यादव ने उपस्थित कर्मचारियों से कहा एक भी पात्र गरीब शासन की योजना से वंचित नहीं रहे, ऐसा कार्य करें। कोई अड़चन आती है तो उसे दूर करे, हितग्राही को भटकाए, घुमाए नहीं। महिला बाल विकास ने शिविर में कई गतिविधियों और प्रतियोगिता का आयोजन किया। रंगोली प्रतियोगिता में तुसारिका प्रथम, धारिणी द्वितीय एवं लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही। चित्रकला में सुनील कुमार प्रथम, समृद्धि टुवानी द्वितीय व पूनम धुरव तृतीय रही। निबंध प्रतियोगिता में गजेंद्र कुमार प्रथम, धारिणी द्वितीय एवं रेणुका तृतीय रही।

**शिविर में लोगों को मिला योजनाओं का लाभ–** शिविर में विकास संकल्प यात्रा के रथ के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी चलचित्र के माध्यम से दी गई। चिकित्सा विभाग द्वारा 213 मरीज का उपचार किया गया एवं 45 सिकल सेल के संभावितों का परीक्षण किया गया, जिसमें 6 मरीज सिकल सेल के पॉजिटिव मिले, जिनके उपचार के लिए प्रकिया प्रारंभ कर दी गई। सिविल में उज्जवला गैस ,आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अतिथियों ने नगर पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हितेंद्र यादव एवं पटवारी राकेश सिंहा को डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत मूल घटकों के कार्यान्वयन के 99 प्रतिशत से अधिक पूर्ण करने पर अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। मंच संचालन दुर्गेश यादव ने किया।

## संविलियन की मांग को लेकर अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



विद्यामितान अतिथि शिक्षकों अनियमित कर्मचारी के संघर्ष से वाकिफ है। कि किस तरह कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणा पत्र में विद्यामितान नियमितीकरण का वादा लिख कर हमें लगातार झूठे आश्वासन देकर पांच सालों तक हमारा शोषण किया। इस शोषण से सब विद्यामितान अतिथि शिक्षक विक्षुब्ध हो गए हैं। अब हमारी आशा और विश्वास बीजेपी के साथ, मोदी के गारंटी के साथ जुड़ गई है, और हम यह विश्वास करते हैं कि बीजेपी अपने विश्वास पर खरी उतरेगी। उक्त बातें विद्यामितान संघठन के प्रदेश अध्यक्ष गुरुर नगर निवासी राकेश कुमार साहू ने कही। राकेश कुमार ने कहा भारतीय जनता पार्टी द्वारा जो संविलियन का विश्वास दिलाया गया, उसी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए रायपुर में विद्यामितान राज्य अतिथि शिक्षक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार साहू के नेतृत्व में राज्य स्तरीय बैठक रखी गई। बैठक में छतीसगढ़ के सभी 25 जिला के जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, सक्रिय साथी, सक्रिय वंचित, प्रभावित साथी और कुछ आम विद्यामितान भी शामिल हुए थे इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य संघठन को एक जुट और मजबूत करना था ।

मीटिंग पश्चात विगत पांच दिनों से प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में पदाधिकारियों के द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, बीजेपी घोषणा पत्र के संयोजक विजय बघेल से मुलाक़ात किया गया, जीत की शुभकामनाओं के साथ संविलियन की माँग करते हुए ज्ञापन दिया गया, मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री ने सकारात्मक जवाब दिया कि आप लोगों की समस्या का समाधान जरूर किया जाएगा, आप लोग मोदी के गारंटी पे विश्वास करे। विद्यामितान संघठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार साहू ने कहा कि हमे मोदी के गारंटी पे पूर्ण विश्वास है कि आगामी समय में हम जरूर संविलियन होंगे।

## ज्ञान के बिना जीव अंधकारमय और आचरण से आती है पवित्रता : बल्ला शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम ठेकवाडीह में 31 दिसंबर से 8 जनवरी तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन स्वर्गीय दयाराम साहू लीलाबाई साहू की स्मृति में ईश्वर लाल साहू गंगा साहू के परिवार की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिन जयकारे के साथ कलश यात्रा शोभायात्रा निकाली गई।

प्रवचनकर्ता संत बल्ला प्रसाद बल्लू शर्मा ने भागवत कथा के दूसरे दिन श्रीमद् भागवत की अमर कथा व सुखदेव जी के जन्म का वृत्तांत विस्तार से वर्णन किया। कैसे श्री कृष्ण सुखदेव महाराज को धरती पर भागवत कथा ज्ञान करने भेजे ताकि कलयुग के लोगों का कल्याण हो सके। रास्ते में कैलाश पर्वत पर उन्होंने चुपके से भगवान शिव की ओर से मां पार्वती को सुनाई जा रही भागवत कथा सुन ली। इससे शिव नाराज होकर उन्हें मारने दौड़े। साथ ही राजा परीक्षित को



ग्राम ठेकवाडीह में श्रीमद् भागवत कथा जारी

श्राप लगने का प्रसंग सुनाया गया। उन्होने कहा कि राजा परीक्षित की मृत्यु सातवें दिन सर्प दंश से होनी थी। जिस व्यक्ति को यहां पता चल जाए कि उसकी मृत्यु सातवें दिन होगी वह क्या करेगा क्या सोचेगा। राजा परीक्षित ने यह जानकर अपना महल छोड़ दिए। महाराज ने बताया कि श्रीकृष्ण की ओर से राजा परीक्षित को दिए गए श्राप से मुक्ति के लिए उन्हें भाई सुखदेव से मिलने की कथा सुनाई। कहा कि भागवत कथा का श्रवण आत्मा का परमात्मा से मिलन करवाता है। सुखदेव मुनि ने राजा परीक्षित से कहा कि सब को सात दिन में ही मरना है। इस सृष्टि में आठवां दिन तो अलग से बना नहीं है। संसार में जितने भी प्राणी हैं। सभी परिचित हैं सब की मृत्यु एक ना एक दिन तो होनी है और जो मनुष्य एक बार श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कर ले और उसे सुनकर जीवन में उतार ले तो उसके समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। उसे भगवान की प्राप्ति हो जाती है। ज्ञान के बिना जीवन में अंधेरा है और आचरण के बिना जीवन की पवित्रता नहीं है। चेतना के विकास के लिए ज्ञान के साथ–साथ अच्छा आचरण होना जरूरी है। महाराज ने बताया कि साधक को कभी भी अपने बर्तन में जूठा नहीं छोड़ना चाहिए। जूठा छोड़ना एक पाप है। संगीत के साथ भजन का आनंद लोगों ने शाम रात तक लिया।




## बोरगहन में वीर नारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

आदिवासी गोड़ समाज पछगइहा के द्वारा बोरगहन चौक अचौद में शहीद वीरनारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीर नारायण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। समाज के महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि थानसिंग मंडावी थे, अध्यक्षता सरपंच बोरगहन संतराम चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि भाजपा आईटी सेल प्रमुख मोपेन्द्र कुमार साहू, दुलार सिंह ठाकुर, चतुर सिंह ठाकुर, कमलेश ठाकुर, खिलावान साहू थे।

आदिवासी समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का सम्मान





आदिवासी समाज की परम्परा एवं संस्कृति के अनुसार पीला चावल एवं पगड़ी बांध कर किया गया।इस अवसर पर उमाशंकर ठाकुर, जनक नेटी, पचूराम ठाकुर, धीरज ठाकुर, सारदा ठाकुर, लचमन ठाकुर, बिसाहू ठाकुर, दलगंजन ठाकुर, मोहन बघेल, शैल देवी ठाकुर, विमला बाई, रमिया बाई कोर्राम, कलिसा ठाकुर, कान्ति, जानकी, सरिता ठाकुर सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे। मंच संचालन दुलार सिंह ठाकुर ने किया।

**न्यायालय तहसीलदार, डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)**
क्रमांक /1102 प्र. / तह / 2023
डौंडी, दिनांक 12/12/2023

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं, कि कार्यालय कलेक्टर बालोद जिला बालोद के पत्र क्रमांक/607/प्र.कले0/2023. बालोद दिनांक 07.12.2023 के अनुसार आवेदक ज्ञानचंद जैन पिता अन्नराज जैन जाति जैन निवासी डौण्डी तहसील डौण्डी जिला बालोद द्वारा डौण्डी प.ह.नं. 24 में आवेदक के नाम पर भूमि खसरा नंबर 870/2 रकबा 0.08 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है उक्त वादभूमि खसरा नंबर 870/2 के भू-भाग का टुकड़ा रकबा 0.04 हे. ( 4305 वर्गफीट) भूमि को गैर आदिवासी व्यक्ति श्री सुरेश कुमार जैन पिता रावलचंद जैन जाति जैन निवासी वार्ड क्र 12 डौण्डी तहसील डौण्डी जिला बालोद के पास भूमि विक्रय की अनुमति प्रदान करने बाबत कलेक्टर महोदय जिला बालोद के समक्ष आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना लिखित दावा / आपत्ति पेशी दिनांक 12/01/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 12/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
डौंडी जिला बालोद

**न्यायालय तहसीलदार, डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)**
क्रमांक / 1103 /प्र./ तह. / 2023
डौंडी, दिनांक 12/12/2023

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं, कि कार्यालय कलेक्टर बालोद जिला बालोद के पत्र क्रमांक / 608/प्र.कले0/2023 बालोद दिनांक 07.12.2023 के अनुसार आवेदक ज्ञानचंद जैन पिता अन्नराज जैन जाति जैन निवासी डौण्डी तहसील डौण्डी जिला बालोद द्वारा डौण्डी प.ह.नं. 24 में आवेदक के नाम पर भूमि खसरा नंबर 870/ 2 रकबा 0.08 हे० भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है उक्त वादभूमि खसरा नंबर 870/2 के भू-भाग का टुकड़ा रकबा 0.04 हे.( 4305 वर्गफीट) भूमि को गैर आदिवासी व्यक्ति श्री अमित कुमार जैन पिता ज्ञानचंद जैन जाति जैन निवासी वार्ड क्र 12 डौण्डी तहसील डौण्डी जिला बालोद के पास भूमि विक्रय की अनुमति प्रदान करने बाबत कलेक्टर महोदय जिला बालोद के समक्ष आवेदन पेश किया गया है जो कि जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दवा / आपत्ति हो तो वह अपना लिखित दावा / आपत्ति पेशी दिनांक 12/01/2024 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 12/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
डौंडी जिला बालोद

**न्यायालय-श्रीमान अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)**

प्रोसेस क्रमांक 659/23, 657/23
प्रकरण क्रमांक 63/23, 64/23
आदेश दिनांक 22/12/2023
पेशी दिनांक 29/01/2024

**श्रीमती धनेश्वरी ठाकुर वगैरह ......आवेदकगण**
**विरुद्ध**
**नीलकंठ साहू पिता चरन साहू ......अनावेदकगण**
**उम्र 35 वर्ष ग्राम वार्ड क्रमांक 03**
**पार्षद मोहन कलिहारी घर के सामने नयापारा**
**बालोद थाना तह. व जिला बालोद (छ.ग.)**
**मो.नं.-9981201441**

अनावेदकगण के विरूद्ध आवेदिकागण के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष दावा प्रकरण क्रमांक 63/2023, 64/2023 श्रीमती धनेश्वरी ठाकुर वगैरह विरूद्ध नीलकंठ साहू वगैरह प्रस्तुत किया है, जिसमें आप अनावेदक क्रमांक 1 हैं। उक्त दावा प्रकरण में आवेदिकागण द्वारा क्षतिपूर्ति की राशि प्र.क्र. 64/2023 में 1,06,00,000/- रूपये तथा प्र.क्र. 63/2023 में 43,00,000/- रूपये की मांग किया गया है, जिसकी आगामी सुनवाई तिथि 29/01/2024 को प्रकरण के निराकरण के लिए नियत किया गया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि श्रवण तिथि को आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा।

यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 29/01/2024 को अवकाश घोषित किया जाता है तो आगामी कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवायी की जावेगी।

आज दिनांक 23/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

**(श्रीमती सुमीता टोप्पो)**
अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,
धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)







विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### पेन्डरवानी में श्रीमद् भागवत कथा जारी



**गुरूर।** ग्राम पेन्डरवानी में शिव मंदिर चौक में 31 दिसम्बर से 8 जनवरी तक श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। बेनी राम साहू ने बताया कि कथावाचक पंडित हरिशरण वैष्णव महाराज आमातालाब धमतरी कनेरी वाले है। परायणकर्ता शुभम वैष्णव धमतरी हैं। कथा समय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक एवं 3 से 5 बजे तक सुनाई जा रही है। अध्यक्ष एवं सरपंच सत्यवान साहू ने बताया कि 31 दिसम्बर को वेदी पूजन, गणेश स्थापना, पुराण कथा, गौकरण महातम्य हुआ। 1 जनवरी भागवत शुभारंभ, मंगलाचरण, श्री सुखदेव प्राकटय, परीक्षित श्राप कथा हुआ। 2 जनवरी को सुष्टि वर्णन, मनुसतरुपा चरित्र, बारह अवतार, कपिल अवतार, शिव चरित्र कथा होगा। 3 जनवरी को ध्रुव चरित्र, प्रभु अवतार, ऋषभ देव अवतार, जड भरत चरित्र कथा होगा। 4 जनवरी को अजामिल उद्धार, नाम महिमा, प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, सागर मंक्षन कथा होगा। 5 जनवरी को वामन अवतार, मतस्य अवतार, श्री राम जन्म, श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा होगा। 6 जनवरी को बाल लीला, माखन चोरी, वृदांवन लीला, मथुरा लीला, रुखमणी मंडल कथा होगा। 7 जनवरी को द्वरिका धाम लीला, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, चढोतरी, पश्चात शोभायात्र एवं 8 जनवरी को गीता प्रवचन, विष्णु यज्ञ, प्रसाद वितरण होगा।

### विधायक संगीता की आभार रैली आज से



**बालोद।** संजारी बालोद विधानसभा मे विधायक चुनकर आने के बाद विधायक संगीता सिन्हा जनता के बीच जाकर जनता का आभार व्यक्त करने अब ग्रामों की ओर कूच करेंगी। विधानसभा के ग्रामों में जाकर आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करेंगी। विधायक संगीता सिन्हा की आभार रैली आज 2 जनवरी से आरंभ हो रही है।ब्लाक कांग्रेस कमेटी बालोद ने बताया कि इसके तहत विधायक ग्राम परसदा में 12 बजे, दरबारी नवागांव में 1 बजे, डेंगरापार में 2 बजे पहुंचेंगी।

### विद्यामितान अतिथि शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष बने राकेश



**गुरूर।** नगर निवासी राकेश कुमार साहू को विद्यामितान अतिथि शिक्षक कल्याण संघ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अतिथि शिक्षक के तौर पर राकेश साहू को बीहड़ सुदूर आदिवासी अंचलों में नियुक्ति दिया गया था। वहां पर विद्यामितान शिक्षक शिक्षा का अलख जगाने का कार्य सफलता पूर्वक कर रहे हैं।

### नए साल के जश्न के बीच युवक की जमकर पिटाई

**बालोद।** नए साल का जश्न मनाने गांव के चौक में डांस कर रहे दो युवक ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में घायल हुए युवक के आंख में चोट आई है। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुंगेरा का है। घायल युवक विकेश कुमार निर्मलकर ने बताया कि 31 दिसम्बर 2023 की रात्रि लगभग 12 बजे नए वर्ष के उपलक्ष्य में जुंगेरा चौंक स्कूल के सामने युवा क्रान्ति जुंगेरा के द्वारा साउण्ड सिस्टम लगाया था, जिसमें जुंगेरा के लड़के नाच रहे थे, मै भी डांस कर रहा था। इस दौरान रात्रि करीबन 12:30 बजे वरूण साहू एवं मोहित साहू दोनों मेरे साथ जबरदस्ती उलझ कर मुझे गाली गलौच देने लगे, जिसे मना करने पर और अत्याधिक आक्रोषित होकर दोनों ने मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में गिरा दिया। मारपीट करने से मेरे दाहिने आंख के पास चोंट लगा है, मेरे आंख में सूजन हो गया है और खून निकला है। युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट करने वाले दोनो युवक के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है और आगे की कार्यवाही में जुट गए हैं।

---

**नववर्ष : प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुबह से शाम तक पहुंचते रहे सैलानी**

# साल के पहले दिन लोगों का छलका भारी उत्साह जिले के दर्शनीय और धार्मिक स्थलों उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नववर्ष के पहले दिन जिले के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का तांता लगा रहा। सुबह से देर शाम तक जिले वासियों सहित प्रदेश के अन्य जिलों तथा अन्य राज्यो से शैलानियों का आना जाना लगा रहा। लोगों ने नए वर्ष का स्वागत मंदिर पर माथा टेक तथा परिवार की सुख समृद्धि की प्रार्थना करते हुए नए साल की शुरुआत करते नजर आए। जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल गंगा मैय्या व सिया देवी मंदिर सहित तांदुला व गोंदली जलाशयों में पर्यटकों की भीड़ देखने को मिली।

- जिले के प्रमुख दर्शनीय और धार्मिक स्थल सियादेवी में उमड़े लोग

जिला मुख्यालय से महज 22 किमी दूर नारागाँव के जंगल में स्थित सियादेवी का मंदिर विराजमान है। यह सियादेवी मंदिर दार्शनिक स्थल के साथ पर्यटक स्थल के लिए प्रसिद्ध है। जहाँ पर प्रत्येक वर्ष नववर्ष के अवसर पर बहुत ही ज्यादा भीड़ लोगों की उमड़ती है, जहाँ इस वर्ष भी हजारों की संख्या मे भक्तों की भीड़ मंदिर मे माथा टेकने और दूर दूर से पिकनिक मनाने अपने दोस्तों और परिवार वालों के साथ पहुँचे। जिसके लिए मंदिर परिसर में पर्याप्त जगह है। वहीं यहां झरना, झील, नदी, पत्थर और घने जंगल जो विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है। जिसके चलते लोगों को घूमने–फिरने के लिए पर्याप्त जगह मिलती है। जहाँ पर पर्यटकों को आलौकिक आनंद की प्राप्ति होती है। इसके कारण लोग इस पर्यटक स्थल में घंटों बैठकर अपना समय व्यतीत करते नजर आ रहे थे।

जिले के प्रसिद्ध मंदिर सियादेवी, गंगामैया, रानी माँ में दर्शनार्थियों के चलते मेले का माहौल दिखाई देने लगा था। जिले के सभी दार्शनिक स्थलों में लोगों का भीड़ शाम तक लगी रही। नववर्ष के अवसर पर दुकानों के ग्राहकों की भीड़ खिलौने, हॉटल और गिफ्ट समानों की दुकानों के साथ ही अन्य दुकानों पर जुटी हुई थी, वहीं लोग आतिशबाजी कर और मिठाई बाटकर नववर्ष का स्वागत करते नजर आए।

झारखंड टाटा नगर निवासी श्रद्धालु रूबी सिंह ने बताया कि वह पहली बार सियादेवी मंदिर माता के दर्शन के लिए पहुँची व माथा टेक माता से आशीर्वाद लिया और नव वर्ष के साथ बेहतर जीवन की शुरुआत की कामना की। उन्होंने बताया कि सियादेवी मंदिर के साथ ही झरना, झील, पहाड़, और जंगलों का नजारा देखने को मिला जो बिलकुल अलौकिक आंनद का कारण है।



#### जर्जर सड़क से मिली राहत

जिले के प्रसिद्ध मंदिर रानी माँ और सियादेवी में जाने का मुख्य मार्ग घोटिया चौक से वन मार्ग है, जिसका निर्माण प्रशासन द्वारा पक्की सड़क के रूप मे किया गया है, जिसके कारण लोगों को अब जर्जर सड़क से राहत मिल गई है, जिसके कारण लोगों को पर्यटन स्थलों मे जाने मे अब सुविधा मिल रही है।



#### युवा सुरक्षा की अनदेखी कर रहे

युवाओं मे नव वर्ष मनाने के लिए बहुत ही ज्यादा उत्साह नजर आता है। इस उत्साह के चलते युवा पीढ़ी घटना दुर्घनाओं को भी आमंत्रित करते नजर आ रहे हैं। वे सेल्फी या फोटोग्राफी के चलते लगातार खतरे को गले लगा रहे हैं, जो कभी भी बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा लोगों से अपील की गई थी तथा कुछ पर्यटन स्थलों मे पुलिस प्रशासन की व्यवस्था के साथ ही बेरिकेटिंग भी की गई है, इसके बावजूद लोग अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।

---

## विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



स्व.पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के वाणिज्य विभाग द्वारा कॉमर्स फिएस्टा 2023 जिसके अंतर्गत एड मैड शो, ट्रेज़र हंट एवं फन फेयर का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा जायसवाल ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को मंच देना तथा छात्र-छात्राओं के अंदर उद्यम कौशल का विकास है। एड मैड शो में प्रथम स्थान पर हेमा एवं समूह बीकॉम द्वितीय वर्ष के छात्राएं रही द्वितीय स्थान पर नितिन एवं समूह बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थी रहे। एवं तृतीय स्थान पर प्रज्ञा एवं समूह बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राएं रहे। निर्णायक वेदप्रकाश ठाकुर सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी एवं विज्ञान प्रभारी सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र अन्नपूर्णा यादव थे। ट्रेजर हंट की विजेता बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी रहे। फन फेयर पर बीकॉम द्वितीय वर्ष के धरनी एवं समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने कुशल उद्यमिता का परिचय दिया, हेमा एवं समूह द्वितीय स्थान और भावना एवं समूह ने तृतीय स्थान हासिल किया। निर्णायक के रूप में कला संकाय प्रभारी अंजू रानी ठाकुर एवं डॉ. शिप्पी देवांगन ने किया। कार्यक्रम का क्रियान्वयन सहायक प्राध्यापक वाणिज्य पूजा सोढा ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीके बैलेंद्र ने विभाग के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों को साधुवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक डॉ. ओंकार प्रसाद चंद्रा, जीवंतिका ठाकुर, ओम प्रकाश, कामता प्रसाद बंजारे, गोपाल पाली तथा कार्यालयीन स्टाफ अमित सिंह, देवेंद्र साहू, राजेश्वरी साहू, प्रियंका साहू का विशेष योगदान रहा।

## *शिकसा ने साल 2023 को दी विदाई, 2024 का किया जोरदार स्वागत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने 2023 की विदाई व 2024 के आगमन के अवसर पर बिदा 2023 स्वागत 2024 का आयोजन संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन व विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति में हुआ।



- संस्था के सदस्यों ने ऑनलाइन कार्यक्रम में गीत, संगीत व नृत्य की दी प्रस्तुति

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना मिथिला जायसवाल व राजगीत चमेली साहू ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संयोजक डॉ. देवांगन ने शिकसा द्वारा वर्ष 2023 में सालभर किए गए कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए सहयोग के लिए शिकसा के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष बोधीराम साहू और कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में चन्द्र कुमार चन्द्रा, बुधनी अजय, मीना भारद्वाज, संध्या मौर्य, देव प्रसाद पात्रे, ओ.पी.कौशिक रतनपुरिहा, रामकुमार पटेल, मनोहर लाल यादव, राजीव लोचन कश्यप, नरेन्द्र कुमार साहू पार्थ, मोहित कुमार शर्मा, ज्योति गजपाल, सरोजनी साहू, दुष्यंत कुमार वर्मा, पुष्पांजलि ठाकुर, उषा भट्ट, शिवकुमार अंगारे आदि ने गीत संगीत व नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राधेश्याम कंवर तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

## विधायक संगीता ने वृद्धों व दिव्यांग बच्चों के साथ बांटी नए साल की खुशी





**वृद्धाश्रम में बुर्जुगों को फल, मिठाई व कपड़ों का किया वितरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



साल 2024 के पहले दिन सोमवार को जहां जिलेवासी अपने-अपने ढंग से नए साल सेलिब्रेट करते दिखे, तो वहीं संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा शहर में स्थित वृद्धा आश्रम व घरौंदा में पहुंचकर बुजुर्गों व दिव्यांग बच्चों के साथ नए साल सेलिब्रेट करती नजर आई। विधायक संगीता ने आश्रम में वृद्धजनों को मिठाई, फल और कपड़ों का वितरण किया, साथ ही उनके साथ केक काटते हुए नजर आई। इस मौके पर वृद्ध महिलाओं ने पुराने हिंदी गीतों पर डांस कर नए वर्ष का जश्न मनाया। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं, जब पूरा देश नया साल मना रहा है तो वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों को भी खुशियां मनाने का हक है। उन्होंने शहर में स्थित घरौंदा आश्रय गृह में भी पहुंचकर वहां दिव्यांग बच्चों से मुलाकात की और केक काटकर बच्चों को खिलौने के साथ चॉकलेट बांटा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, शहर अध्यक्ष अनिल यादव, युवा नेता अचल प्रकाश साहू, पार्षद दीप्ति शर्मा, चमेली साहू, धनेश्वरी ठाकुर, शंभू साहू, भगवती सोनकर, रश्मि दुबे, चिदाकास आर्य, उषा ठाकुर के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आमंत्रण देने घर-घर जाएंगी मातृशक्ति

**डौंडीलोहारा।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ अयोध्या में होने वाले श्री रामजी मंदिर की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर लोहारा में मातृशक्ति द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहा हैं। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नगर की मातृ शक्ति की टीम घर-घर में आमंत्रण देने जाएंगी । आमंत्रण में अयोध्या से आए पूजित अक्षत के साथ राम मंदिर की तस्वीर और आमंत्रण पत्र वितरण किया जावेगा। इस कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए राष्ट्रसेविका समिति लोहारा इकाई के द्वारा बहनों की टीम पूरे नगर में तैयार किया गया है। नगर के विभिन्न मोहल्ले जिसमें राजापारा, संजय नगर, रामनगर, टिकरापारा की बहनों को दायित्व दिया गया है। इस टीम में सहयोग करने के लिए नगर की मातृशक्ति रामायण टीम को आमंत्रित किया गया है। मातृशक्ति के नेतृत्व में 22 जनवरी को नगर के श्री राम मंदिर में भजन-कीर्तन व भोजन-प्रसादी का विशाल आयोजन रखा गया है। पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए अलग-अलग विभाग का वितरण किया गया है। जिसमें छाया टेकाम, हर्षा देवांगन, माया जयेश ठाकुर, नीलू दिनेश पांडे, लता गुप्ता, आरती संचेती, ममता शर्मा, संगीता सोनी, अंबिका निषाद, भारती जायसवाल, एणुका सार्वा, हेमीन साहू, निम्मी राजपूत, संगीता राजपूत, स्वाति राजपूत, अनीता साहू, प्रतिभा सुकतेल, लीना देवांगन, ममता देवांगन, लता वैष्णव,माधुरी निषाद, सुभद्रा टांडेकर, अनीता सिन्हा प्रमुख है।

## योग शिक्षक पीलू राम व ममता सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



पतंजलि परिवार छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा आयोजित योग से सनातन की ओर कार्यकर्ता महासम्मेलन 24 दिसंबर 2023 जे एन पांडे स्कूल ऑडिटोरियम रायपुर छत्तीसगढ़ में भारत स्वाभिमान न्यास, महिला पतंजलि योग समिति ,पतंजलि योग समिति ,पतंजलि युवा भारत छत्तीसगढ़, किसान सेवा समिति ,सोशल मीडिया के तत्वावधान में मुख्य अतिथि स्वामी नरेंद्र देव विशिष्ट अतिथि राज्य प्रभारी संजय अग्रवाल थे। स्वामी जी ने कहा कि हमें छत्तीसगढ़ वासियों को स्वस्थ रखने के लिए नियमित अधिक संख्या में आफलाइन योग शिविर आयोजित करने होंगे ।साथ ही योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक जिले से एक महिला व पुरुष को सम्मानित किया गया। बालोद जिले से योग शिक्षक पीलू राम साहू व ममता साहू को सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित योग शिक्षक मुकेश आरदा, संतोष देवांगन, मधुमाला कौशल,सरला चंद्राकर,कान्हा साहू, नंदनी,अरुण साहू,पूरन साहू,तीरथ अटल, कमलकांत साहू व मुकेश देशमुख ने बधाई व शुभकामनाएं दीं।

**सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार सिन्हा ने गोरकापार में वितरित की सामग्री**

## प्लास्टिक का उपयोग रोकने लोगों को दान किए बर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत चीचा के आश्रित ग्राम गोरकापार में सामाजिक कार्यकर्ता राजेश कुमार सिन्हा ने सभी लोगों से सामाजिक कार्यक्रमों में प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का आग्रह किया। उन्होंने केवल लोगों को सलाह ही नहीं दी, बल्कि बर्तन भेंट कर प्लास्टिक के स्थान पर उनका उपयोग करने का आग्रह किया। सिन्हा ने सभी समाज के लिए ग्रामवासियों को 200 नग थाली, 200 गिलास, 50 कप, 50 नाश्ता प्लेट सादर भेंट किया। इस अवसर पर अंगिरा सिन्हा पूर्व सरपंच, विजय कुमार सिन्हा, डागेंद्र कुमार सिन्हा, पुरुषोत्तम साहू, लक्ष्मी, चनद्रिका, कांति, इन्दु, भूनेश्वरी, हितेश्वरी, रामेश्वरी, मोतीलाल, तोरण, तुनेश, राजेश, उमेश, पुनित सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

- पर्यावरण को स्वच्छ रखने की दिशा में की सराहनीय पहल



**पौधारोपण के लिए किया प्रेरित**

इस अवसर पर राजेश कुमार सिन्हा के कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ व स्वस्थ रखने के लिए प्लास्टिक का उपयोग बंद करना होगा। इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण को बचाने के लिए लोगों को पेड़ पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। वहीं, उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, माता-पिता की सेवा करना एवं बड़े बुजुर्गों, वीर जवानों एवं किसानों का सम्मान, पानी की बर्बादी रोकने एवं अपने गाँव को आदर्श ग्राम बनाने के लिए लोगों प्रेरित किया।

